# नई एमएसएमई इकाइयों से मिले 2.60 करोड़ रोजगार

## 4 साल में 70.37 लाख नई एमएसएमई इकाइयां स्थापित

अजीत बिसारिया

लखनऊ। प्रदेश में चार साल में नई एमएसएमई इकाइयों से 2.60 करोड़ लोगों को रोजगार मिला। यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट लिमिटेड (यूपीको) के माध्यम से तीन लाख इकाइयों के सर्वे से यह जानकारी सामने आई है। बैंकों के रिकॉर्ड के मुताबिक, इन नई इकाइयों को 2 लाख 14 हजार 826 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है। इन नतीजों में इस वित्तीय सहायता का अहम योगदान माना जा रहा है।

योगी सरकार की वार्षिक ऋण योजना के तहत वर्ष 2017-18 से 2020-21 तक कुल 70 लाख 37 हजार 905 नई इकाइयां स्थापित हुईं। यूपी को अभी तक अप्रैल से दिसंबर, 2020 के बीच स्थापित तीन लाख नई इकाइयों का सर्वे कर चुकी है। इनमें कुल 11 लाख लोगों को रोजगार मिला है। यानी, एक इकाई से औसतन 3.70 लोगों को

### रोजगार की स्थिति जानने के लिए तीन लाख इकाइयों के सर्वे से हुआ खुलासा



### बैंकों से इन इकाइयों को मिला 2.14 लाख करोड़ लोन

रोजगार मिला।

इस तरह नई स्थापित 70 लाख से ज्यादा इकाइयों में 2.60 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई नवनीत सहगल ने बताया कि ये आंकड़े काफी आशांवित करने वाले हैं। इस योजना में वित्तीय सहायता प्राप्त सभी इकाइयों से मिले रोजगार की गणना का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।